01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान तेरह हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में एक सौ तीसवां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। भ्रष्टाचार के मामलों में तीस दिनों की जेल होने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने का किया गया है प्रावधान।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साढ़े छह लाख से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में सात–सात हजार रुपये की अनुग्रह राहत राशि भेजी।

04. और, प्रधानमंत्री जन–धन खातों का तीस सितम्बर तक सत्यापन किया जाना अनिवार्य। केवाईसी नहीं कराने पर बंद होंगे खाते।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान तेरह हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे के दौरान बिहार को कई सौगात देंगे। इनमें सबसे प्रमुख है–औंटा, सिमरिया सिक्स लेन पुल। करीब चौंतीस मीटर चौड़ाई वाला यह पुल देश का सबसे चौड़ा छह लेन पुल है। दो किलोमीटर की लंबाई में बना यह पुल मौजूदा दो–लेन वाले पुराने रेल–सह–सड़क पुल राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है। दो हजार सत्रह में प्रधानमंत्री द्वारा आधारशिला रखी जाने वाली इस परियोजना के पूरा हो जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच की दूरी लगभग एक सौ किलोमीटर तक घट गयी है। यह परियोजना खासतौर से भारी वाहनों की यात्रा को सुगम बनाएगी। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी उन्नीस सौ करोड़ रुपये की लागत से बने राष्ट्रीय उच्च पथ–इकतीस के बख्तियारपुर–मोकामा सड़क और बक्सर में छह हजार आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन भी करेंगे। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र को देश को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री औरंगाबाद के दाउद नगर, जहानाबाद, लखीसराय के बड़हिया और जमुई में जल निकासी योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से संजय किशोर।

———————————————————————

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि औंटा–सिमरिया पुल के उद्घाटन से राज्य के विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

———बाइट———

——————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के डीजीएम, मीडिया प्रवीण त्यागी ने बताया कि इस पुल के बन जाने से राज्य के आर्थिक विकास को काफी मदद मिलेगी।

———बाइट———

——————————————————————————

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच एक सौ तीसवां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। दो अन्य विधेयक भी पेश किये गये। एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक के तहत भ्रष्टाचार के मामलों में तीस दिनों की जेल होने पर मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और यहां तक की प्रधानमंत्री को भी पद से हटाने का प्रावधान किया गया है। ऐसे मामलों में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपी को पद से हटा सकते हैं या फिर इकतीसवें दिन उसे पद से मुक्त मान लिया जाएगा। विधेयक को लेकर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामें के बीच केंद्रीय मंत्री ने विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति– जेपीसी को भेजने की घोषणा की।

——————————————————————————

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक – दो हजार पच्चीस पेश किया। श्री वैष्णव ने कहा कि इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

इस विधेयक में पैसा लेकर ऑनलाइन खेलों की पेशकश करने, संचालन करने या प्रोत्साहन करने पर, पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। ऑनलाइन गेम से जुड़े कानून के उल्लंघन पर, तीन साल तक की कैद और एक करोड रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकता हैं। अगर कोई, इस कानून का दोबारा उल्लंघन करता है, तो तीन से पांच साल तक की कैद, और दो करोड रुपये तक का जुर्माना, हो सकता हैं। यह विधेयक वित्तीय प्रणाली की अखंडता और देश की सुरक्षा, और संप्रभुता की रक्षा करेगा। इसके अलावा, यह जनहित में एक समान और राष्ट्रीय स्तर का, कानूनी ढांचा स्थापित करेगा। यह विधेयक देश के युवाओं को, ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग ऐप्स जैसे कि पोकर और रम्मी जैसे प्रलोभन वाले गेम से बचाएगा, जो उन्हें आर्थिक लाभ के झूठे वादों के ज़रिए, फंसाने का काम करते हैं, जिसके कारण पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। यह विधेयक, सरकार की एक सुरक्षित, संरक्षित और नवाचार–प्रेरित डिजिटल इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

——————————————————————————

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज भी बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर लगातार बाधित हुई।

———————————————————————————

चुनाव आयोग ने कहा है कि एक अगस्त को जारी मतदाता सूची पर बीस दिन बाद भी अब तक किसी राजनीतिक दल ने दावा आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक साठ हजार दस निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से दो हजार तीन सौ चौरानवे मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के एक लाख अट्ठानवे हजार से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बारह जिलों के बाढ़ प्रभावित परिवारों को सात हजार रुपये प्रति परिवार की दर से अनुग्रह राहत राशि के भुगतान का शुभारंभ किया। पटना के संकल्प भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने छह लाख इक्यावन हजार छह सौ दो प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से अनुग्रह राशि भुगतान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि तेरह और चौदह अगस्त को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सर्वेक्षण के बाद लोगों तक राहत राशि तुरंत पहुंचाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सितम्बर महीने में भी राज्य के कुछ भागों में बाढ़ की स्थिति हो सकती है। इसे देखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

राज्य में करीब चौरासी लाख प्रधानमंत्री जन–धन योजना खातों का सत्यापन किया जाएगा। योजना के लाभुकों को तीस सितम्बर तक अपने बैंक खाते का सत्यापन–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने बताया कि केवाईसी नहीं कराने पर खाते बंद कर दिये जायेंगे। श्री जोशी ने बताया कि अभियान चलाकर पंचायतों में शिविर के माध्यम से पीएम जन धन बैंक खाता खोलने, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के लिए नामांकन लिया जा रहा है।

———————————————————————————

जीएसटी पर गठित मंत्रिसमूह की बैठक में आज स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने को लेकर सर्वसम्मति बनी है। मंत्रिसमूह के अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट

चौधरी ने दिल्ली में बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रस्ताव को जीएसटी परिषद को सौंपा जाएगा।

---बाइट---

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। विभाग ने आज कटिहार और किशनगंज जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

---बाइट---

---

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 81वीं जयंती पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवंगत नेता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, नई दिल्ली में राजीव गांधी के समाधी स्थल वीर भूमि पर आयोतजित श्रद्धांजलिज सभा में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद प्रियंका गांधी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, पटना स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शेखपुरा जिला कांग्रेस कार्यालय आजाद हिंद आश्रम में भी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

अररिया पुलिस ने जोगबनी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी बैंक में पांच लाख रुपये लूट की घटना का उद्भेदन किया है। इस संबंध में कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज में मुख्य आरोपी अनीश यादव के घर छापेमारी कर लूट की रकम बरामद कर ली गयी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कररिया पूर्व टोला में एक ईंट भट्ठे के निकट गड्ढे में डूब जाने से दो बच्चों की मौत हो गई।

---

कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने छह डकैतों को भारी संख्या में हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

---

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में एक प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा और सड़क जाम किया। पुलिस ने क्लीनिक को सील कर दिया है और संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

दरभंगा की स्थानीय अदालत ने जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जिआउर्र रहमान की हत्या के मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान तेरह हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में एक सौ तीसवां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। भ्रष्टाचार के मामलों में तीस दिनों की जेल होने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने का किया गया है प्रावधान।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साढ़े छह लाख से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में सात–सात हजार रुपये की अनुग्रह राहत राशि भेजी।

04. और, प्रधानमंत्री जन–धन खातों का तीस सितम्बर तक सत्यापन किया जाना अनिर्वाय। केवाईसी नहीं कराने पर बंद होंगे खाते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।